# 17088 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की पीएम देंगे सौगात

**पटना.** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को कहा कि



पीएएम नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान 17088 करोड़ की परियोजनाओं का सौगात देंगे. इन परियोजनाओं से बिहार के विकास को नयी गति मिलेगी. प्रधानमंत्री के आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए उन्होंने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की.

**पटना-गया-डोभी के पैकेज एक, दो व तीन का उद्घाटन करेंगे :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पटना-गया-डोभी के पैकेज एक, दो और तीन का उद्घाटन करेंगे. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा एनएच-22 की इस परियोजना का निर्माण पूरा हो चुका है. इस परियोजना पर कुल लागत 5519 करोड़ रुपये की आयी है.पीएम द्वारा उद्घाटन की जाने वाली दूसरी परियोजना गोपालगंज शहर में एनएच 27 पर चार लेन एलिवेटेड सड़क है. इस पर 249 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इसके अतिरिक्त पटना -आरा सासाराम के पैकेज एक व दो का निर्माण 3712 करोड़ रुपये से करायी जा रही है.